तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 दिसंबर, 2025

12 सीवरेज व्यवस्था में सुधार के लिए 20 नई मशीनें खरीदी जाएंगी



12 आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के विद्यार्थियों ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी...



## खबर संक्षेप

### काम समय पर नहीं करने पर जताया रोष

**हांसी।** हरियाणा बिजली पैन्शनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन की रविवार को सतबीर सिंह पंघाल की अध्यक्षता में भिवानी रोड़ स्थित 132 केवी पुराना बिजली घर में मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में रिटायर्ड कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियन्ता, आप्रेशन डिविजन, डीएचबीवीएन हांसी के द्वारा कर्मचारियों के काम समय पर न करने बारे रोष व्यक्त किया क्योंकि सालो से कार्यकारी अभियन्ता, डीएचबीवीएन हांसी के कार्यालय में इन कर्मचारियों के काम पैंडिंग पड़े हुए है। मीटिंग में रिटायर्ड कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते कार्यकारी अभियन्ता ने रिटायर्ड कर्मचारियों के काम नही किए तो कार्यकारी अभियन्ता को नोटिस देकर संघर्ष का ऐलान किया जाएगा।

### दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान का साप्ताहिक सत्संग आयोजित

**हांसी।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा हांसी में साप्ताहिक सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी वंदना भारती ने बताया वर्तमान समय में चुनी गई दिशा हमारे भविष्य की दशा को निर्धारित करती है। यदि मानव अपने जीवन की दशा को बदलना चाहते हैं तो निश्चित ही उन्हें अपने जीवन की दशा को परिवर्तित करना पड़ेगा। जन्म से लेकर मृत्यु तक हमारे विचार और कर्म जिस दिशा में प्रवाहित होते हैं वैसा ही हमारा भविष्य बनने लगता है।

### जैन धर्मशाला में महिला सम्मेलन का आयोजन

**नारनौंद।** भाजपा ने महिलाओं की हर क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाकर उनका मान सम्मान करने का काम किया है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उक्त शब्द भाजपा जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम के जिला संयोजक बिजेंद्र लोहान ने आत्मनिर्भर भारत के तत्वाधान में आयोजित महिला सम्मेलन के दौरान कस्बे की जैन धर्मशाला में संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए अनेक योजनाएं बनाकर मजबूत करने का काम किया है।

### लितानी में स्कूली बच्चों को स्वेटर व जूते वितरित

**हिसार।** 'हमारा प्यार–हिसार' संस्था और वानप्रस्थ सीनियर सिटीज़न्स क्लब ने रविवार को बाढ़ प्रभावित गांव लितानी में एक विशेष सहायता कार्यक्रम आयोजित कर मानवता और सामाजिक उत्तरदायित्व का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के तहत गांव लितानी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के लगभग 180 बच्चों को स्वेटर और जूते प्रदान किए। कार्यक्रम में सुशील खरींटा, डॉ. एसके गर्ग, डॉ. जेके डांग, उमेद सिंह, डॉ. राज वर्मा, त्रिलोक बंसल, राजेंद्र गहलोत आदि मौजूद रहे।

### टक्कर के बाद गाड़ी भी अनियंत्रित होकर माइनर में गिरी

# लकड़ी इकट्ठी कर रही महिला को गाड़ी ने मारी टक्कर, मौत

**गाड़ी में सवार दो युवक, दो महिलाएं और उनके बच्चे बाल-बाल बचे, पुलिस ने कार चालक पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू की, मृतका का हांसी के नागरिक अस्पताल में हुआ पोस्टमार्टम**



नारनौंद। खेड़ी चौपटा के पास माइनर में गिरी हुई गाड़ी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

खेड़ी चोपटा के मसूदपुर माइनर के पास सड़क पर लकड़ी इकट्ठी कर रही एक महिला को गाड़ी चालक ने सीधी टक्कर मार दी। इसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। टक्कर लगने के बाद गाड़ी भी अनियंत्रित होकर माइनर में जा गिरी। गाड़ी में सवार युवक और महिलाएं बाल-बाल बच गए। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। सोनीपत जिले के बनवासा निवासी मृतक के बेटे सुनील ने बताया कि करीब 15 दिन पहले उसकी माता 37 वर्षीय शीला देवी अपने मायके गांव खेड़ी जालब आई हुई थी। शनिवार को खेड़ी चौपटा से नारनौंद रोड पर माइनर के पास उसकी माता सड़क के किनारे से लकड़ियां इकट्ठी कर रही थी कि तेज गति से एक गाड़ी आई जोकि नारनौंद से खेड़ी चौपटा की तरफ जा रही थी। उसने सीधी टक्कर मार दी। इसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पास खड़े राहगीरों ने एक गाड़ी में उनकी हांसी के सामान्य अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने उनका मृत घोषित कर दिया। हादसे की वजह से गाड़ी भी अनियंत्रित होकर माइनर में जा गिरी। गाड़ी में सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए। बताया जा रहा कि गाड़ी में सवार युवक शादी से वापस अपने घर राजस्थान में गंगानगर जा रहे थे कि अचानक से उनकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और महिला को टक्कर लगी उसके बाद गाड़ी भी माइनर में जा गिरी। गाड़ी में दो युवक, दो महिलाएं और उनके बच्चे बाल-बाल बच गए।

#### महिला का शव परिजनों को सौंपा

खेड़ी चौपटा चौकी प्रभारी खेता राम ने बताया कि महिला के शव का पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के बेटे के बयान पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया हैं। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# बस स्टैंड के पीछे मोची मोहल्ले में मिला हलवाई का शव

■ हार्ट अटैक से मौत की आशंका, परिजन बोले- सुबह गया था काम पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

बस स्टैंड के समीप मोची मौहल्ले में एक दुकान के सामने रविवार सुबह एक 55 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर बस स्टैंड चौकी पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां मृतक की पहचान ढाणा कलां निवासी हलवाई दिलबाग के रूप में हुई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक या ठंड को माना जा रहा है। पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप मामले की जांच आरंभ कर दी है।

#### हांसी में करता था हलवाई का काम

मृतक दिलबाग के परिजनों ने बताया कि वह रविवार सुबह लगभग 5 बजे घर से साइकिल पर सवार होकर हांसी के लिए निकला था। वह हांसी में हलवाई का काम करता था और रोजाना साइकिल से ही अपनी दुकान पर जाता था। परिजनों के अनुसार, दिलबाग किसी भी तरह का नशा नहीं करता था और वे भी उसकी मौत का कारण हार्ट अटैक मान रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह दुकान जाते समय दिलबाग की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। वह मोची मोहल्ला में बनी एक दुकान के बरामदे में लेट गया, जिसके बाद वह वहां से उठ नहीं पाया।

#### मृतक के पास मोबाइल व साइकिल मिली

बस स्टैंड चौकी इंचार्ज जोगिंदर सिंह ने बताया कि पुलिस को मृतक के पास से मौके पर मोबाइल फोन व एक साइकिल मिली है। उन्होंने बताया कि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार का कोई संदिग्ध निशान और ना ही उसके पास कोई संदिग्ध वस्तु मिली है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में मौत ठंड या हार्ट अटैक से होना माना जा रहा है। लेकिन मौत के असल कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद चलेगा।

### पत्नी की हत्या करने वाला पुलिस रिमांड पर

● चरित्र पर शक के चलते कर दी थी पत्नी की हत्या

**हिसार।** सदर थाना क्षेत्र के गांव डोभी में चरित्र पर शक के चलते पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने के आरोपी उसके पति मांगेराम को पुलिस ने रविवार को अदालत में पेश किया। अदालत ने उसे पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर भेज दिया गया। मांगेराम ने शनिवार को लगभग 23 वर्षीय अपनी पत्नी मोनिका की गला दबाकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद उसने खुद ही परिजनों व पुलिस को सूचना दी लेकिन जब तक पुलिस पहुंची, वह वहां से फरार हो गया। पुलिस ने शनिवार देर सायं गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान के चुरू जिले के गांव डूमकी निवासी मोनिका की शादी चार साल पूर्व डोभी गांव के मांगेराम से हुई थी।

# नौकरी दिलाने का झांसा देकर 20 लाख की ठगी

● एक आरोपी गिरफ्तार, 3 दिन के पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

आजाद नगर पुलिस ने नौकरी व शादी का झांसा दे 20 लाख रुपए की ठगी के मामले में एक आरोपी बल्लभगढ़ निवासी राहुल को गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। जांच अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि इस संबंध में थाना आजाद नगर में हिसार निवासी एक युवती ने नौकरी और शादी का झांसा दे 20 लाख रुपए की ठगी के बारे शिकायत दी थी। इस पर 2 अगस्त 2024 को केस दर्ज किया गया। शिकायत में युवती ने रेलवे में नौकरी दिलाने और शादी का झांसा दे 20 लाख रुपये की ठगी के बारे बताया। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि आरोपियों ने युवती से उसके दस्तावेज लेकर फर्जी नियुक्ति का झांसा दिया, शादी का झांसा दिया और गंभीर जान से मारने की धमकियां दीं। दबाव बनाकर कई बार मोटी राशि की मांग की गई। पुलिस ने छानबीन करते हुए मुख्य आरोपी बल्लभगढ़ निवासी राहुल शर्माको गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान ठगी की राशि, अन्य आरोपियों की भूमिका, बैंक खातों का विवरण तथा नेटवर्क की गहन जांच की जा रही है।

# बेसहारा को पहुंचाएं तुरंत रैन बसेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



अमित यशवर्धन, एसपी।

■ एसपी ने आमजन से ठंड के मौसम में अतिरिक्त एहतियात बरतने की कि अपील

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा कि शीत ऋतु में तापमान में निरंतर गिरावट आमजन के स्वास्थ्य तथा दैनिक जीवन पर गंभीर प्रभाव डालती है। अत्यधिक ठंड के कारण न केवल फसलों, बागवानी, पशुधन व मत्स्य पालन को नुकसान होता है, बल्कि ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में रहने वाले प्रवासी श्रमिकों, किसानों, वृद्धजनों तथा कमजोर वर्गों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि कई बार तापमान में अचानक गिरावट से बीमारी, ठंड लगने और अन्य स्वास्थ्य जोखिम बढ़ जाते हैं, जिन्हें जागरूकता और सामूहिक प्रयासों द्वारा कम किया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रवासी श्रमिक, बेघर, असहाय एवं अनाथ लोग ठंड के मौसम में सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। इनके लिए पर्याप्त आश्रय स्थल (रैन बसेरा), कंबलों की उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं प्रदान करना समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि स्थानीय प्रशासन और पुलिस मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन क्षेत्रों में रैन बसेरा उपलब्ध हैं, उन्हें सक्रिय रखा जाए तथा जरूरतमंद लोगों तक इसकी सूचना समय रहते पहुंचाई जाए। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि हांसी क्षेत्र के शहरों, कस्बों, मुख्य बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन तथा अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर लगातार गश्त बढ़ाई जाए। गश्त के दौरान यदि कोई व्यक्ति खुले में सोता हुआ मिलता है, तो उसे तुरंत निकटतम रैन बसेरा, धर्मशाला या सुरक्षित आश्रय स्थल में ले जाया जाए। उन्होंने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि वे स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और के साथ समन्वय स्थापित कर जरूरतमंद लोगों को राहत सामग्री जैसे कंबल, गरम कपड़े एवं भोजन उपलब्ध कराने में सहयोग करें।

#### सुरक्षित यातायात सलाह

*पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा जारी की गई ठंड और कोहरे की चेतावनियों को गंभीरता से लें। रात के समय यात्रा कम से कम करें, वाहन चलाते समय हेड लाइट और फॉग लाइट का उपयोग करें तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु निर्धारित गति सीमा का पालन अवश्य करें। उन्होंने बताया कि हांसी पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा कोहरे के समय दुर्घटना रोकथाम के लिए विशेष अभियान भी शुरू किया है।*

# गुरु तेग बहादुर की शहादत मानवता की अमर धरोहर: विनोद भयाना

■ एसडी महिला महाविद्यालय में किया गुरमत समागम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी




हांसी। गुरमत समागम को संबोधित करते विधायक विनोद भयाना। फोटो: हरिभूमि

एसडी महिला महाविद्यालय के सभागार में रविवार को श्रद्धा मय गुरमत समागम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के गुरुद्वारा साहिबान की सभी प्रबंधक समितियों, ग्रंथी सिंह साहिबान तथा संगत ने भाग लिया। कार्यक्रम में विधायक विनोद भयाना ने बतौर मुख्य अतिथि तथा बवानी खेड़ा विधायक कपूर वाल्मीकि ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर साध संगत को संबोधित करते हुए विधायक विनोद भयाना ने हिंद की चादर, जगत गुरु धन-धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने मानवता, सत्य और धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब की शहादत केवल सिख इतिहास की नहीं, बल्कि पूरे विश्व की अमूल्य धरोहर है। मानवता की रक्षा के लिए प्राणों का बलिदान भी छोटा है यही संदेश गुरु साहिब ने दुनिया को दिया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कथावाचक अमरीक सिंह, गुरु घर कीर्तनीय अमनदीप कौर, गुरु घर कीर्तनीय गुरप्रीत सिंह, बाबा बंदा सिंह बहादुर सिख के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. शिव शंकर पाहवा, सरदार दर्शन सिंह गांवड़ी, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष दिनेश धवन, नगर परिषद के अध्यक्ष प्रवीण इलाहाबादी, बवानी खेड़ा मार्केट कमेटी के अध्यक्ष राजू हंस, सरदार बलविंदर सिंह खालसा, सरदार भारत भूषण खुराना, कश्मीरी लाल पाहवा, हरेंद्र सिंह नांगरु आदि मौजूद रहे।

**समारोह** दो दिवसीय उत्सव में प्रसिद्ध चित्रकारों की कला से गुलजार होगा हिसार

# सुरभि कला उत्सव में 13 से, देशभर के प्रसिद्ध चित्रकार होंगे रूबरू

■ सुरभि कला उत्सव में देशभर के प्रसिद्ध चित्रकार दिखाएंगे अपना हुनर : राजेश जांगड़ा

■ वरिष्ठ चित्रकारों को कला रतन, कला गौरव व कला गुरु सम्मान से किया जाएगा अलंकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार




हिसार। सुरभि कला उत्सव को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते सुरभि कला उत्सव से जुड़े पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

हिसार-ए-फिरोजा नगरी 13 व 14 दिसंबर को देशभर के प्रसिद्ध चित्रकारों व उनकी कला से गुलजार होने वाली है। सुरभि कला उत्सव व सम्मान समारोह में विभिन्न राज्यों के लोकप्रिय चित्रकार न केवल हिस्सा लेंगे बल्कि दर्शकों के समक्ष चित्र बनाकर अपनी कला से भी रूबरू करवाएंगे। सुरभि आर्ट सोसायटी व गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 13 व 14 दिसंबर को गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित किए जाने वाले आर्ट फेस्टिवल व नेशनल पेंटिंग वर्कशॉप में दर्शकों को ख्याति प्राप्त चित्रकारों से मुलाकात का अवसर भी मिलेगा। कला से परिपूर्ण यह आयोजन सुरभि कला संस्थान के बेमिसाल 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाएगा है। इस कला उत्सव के माध्यम से गुजवि के विद्यार्थियों को कला से साक्षात्कार करने का सहज ही अवसर भी मिलेगा। सुरभि कला उत्सव व सम्मान समारोह के आयोजक मशहूर चित्रकार राजेश जांगड़ा ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि चित्रकारों का ऐसा महापर्व हरियाणा में पहली बार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ख्याति प्राप्त चित्रकारों द्वारा 13 दिसंबर को गुजवि सभागार में कैनवास पर बनाई गई पेंटिंग 14 दिसंबर को प्रदर्शित भी की जाएंगी। इसके साथ ही सभी दिग्गज कलाकारों को सम्मानित भी किया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

इस दौरान डॉ. गीता जांगड़ा, नरेंद्र यादव, विनीत कुमार, डॉ. कविता मोर, डॉ. नेहा बतरा, राजेंद्र भट्ट, प्रो. विकास जांगड़ा, साधिका अरोड़ा व बनी सिंह जांगड़ा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। राजेश जांगड़ा ने बताया कि 14 दिसंबर को समापन समारोह में हरियाणा व अन्य राज्यों से पधारे 100 वरिष्ठ चित्रकारों को कला रतन, कला गौरव व कला गुरु सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

#### कार्यक्रम में पहुंचेगी प्रसिद्ध हस्तियां

सुरभि कला उत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम में 13 दिसंबर को कोलकाता के राजकीय ललित कला महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य पदमश्री प्रो. बिमन बिहारी दास मुख्यातिथि होंगे। वे वर्तमान में दिल्ली के आईफक्स के अध्यक्ष हैं। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर हिसार नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। सुरभि कला उत्सव के समापन समारोह में 14 दिसंबर को कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा मुख्यातिथि होंगे। गुजवि के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर अर्जुन अवॉर्डी पूजा ढांडा, हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के सदस्य साधुराम जाखड़, डी. एन. कॉलेज के पूर्व प्राचार्य सुभाष शर्मा, नेहरू युवा केंद्र के पूर्व जिला समन्वयक नरेंद्र यादव व इतिहासकार डॉ. महेंद्र विवेक बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे।

#### एक ही स्थल पर होंगे चित्रकार

आर्ट फेस्टिवल व नेशनल पेंटिंग वर्कशॉप में विभिन्न राज्यों से चित्रकार पहुंचेंगे। कोलकाता के पदमश्री प्रो. बिमन बिहारी दास, महाराष्ट्र से बिजय बिसवाल, उत्तर प्रदेश से सुनील विश्वकर्मा, प्रो. सुनील कुशवाहा व कृष्ण कुंद्रा, दिल्ली से विजेंद्र शर्मा, सुमित्रा अहलावत, प्रो. लक्ष्मण प्रसाद, चंडीगढ़ से हृदय कौशल, रेणु हुड्डा, रविंद्र शर्मा, प्रो. राम प्रताप वर्मा, पश्चिम बंगाल से निरापद पांडे, पंजाब से भूपेंद्र सिंह नंदा, महाराष्ट्र से प्रो. मल्लिकार्जुन भगोड़ी, राजस्थान से प्रो. अन्नपूर्णा, सावित्री शर्मा, झारखंड से समरेंद्र राजन, अनूप सिन्हा, हरियाणा से प्रो. गुरचरण सिंह, प्रो. पी. डी. खांडे आदि पहुंचेंगे।

### ड्रिंक एंड ड्राइव व सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन करने वालों पर एक्शन

**हिसार।** सड़क सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस की ओर से विशेष यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों और शराब सेवन से संबंधित मामलों में सघन जांच कर प्रभावी कार्रवाई की है। जिला निरीक्षक तनेज पाल ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस ने बीते सप्ताह में बिना नंबर प्लेट, ब्लैक फिल्म लगे वाहनों और ट्रिपल राइडिंग करने वालों के 239 चालान किए गए। इसी तरह सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन करने वाले 29 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई, ड्रिंक एंड ड्राइव करते हुए पकड़े गए 31 चालकों के खिलाफ तथा लेन चेंज से संबंधित 92 वाहन चालकों के चालान किए है।



# जापान में फैंस से मिले प्यार पर हैरान हुए प्रभास

**मुंबई।** भारत की फिल्मों को देश ही नहीं, विदेशों में भी खूब देखा जाता है। हाल ही में फिल्म 'बाहुबली द एपिक' की जापान में स्क्रीनिंग हुई। इसी सिलसिले में फिल्म के लीड एक्टर प्रभास जापान पहुंचे। यहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इस पर फिल्ममेकर एसएस राजामौली ने प्रभास के लिए भावुक नोट लिखा। इसके जवाब में प्रभास ने भी एक पोस्ट लिखी है। जापान में 'बाहुबली द एपिक' 12 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसकी स्पेशल स्क्रीनिंग पर प्रभास ने कहा 'आपके प्यार के लिए धन्यवाद। आप लोगों का प्यार मैं लंबे समय से सुन रहा था। आज यहां आकर समझ आया कि यह प्यार कितना सच्चा और गहरा है।

लाइफ Style



# सामंथा
## शादी के चार दिन बाद शुरू की शूटिंग

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु से शादी की थी और चार दिन बाद ही वह काम पर लौट आईं। सामंथा ने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और वैनिटी वैन से तस्वीर शेयर की है।

सामंथा रुथ प्रभु ने 1 दिसंबर को राज निदिमोरु के साथ शादी की थी और अब चौथे दिन ही वह काम पर लौट आईं। न्यूली वेड एक्ट्रेस ने सेट से एक तस्वीर भी शेयर की है। सामंथा ने शुक्रवार, 5 दिसंबर को वैनिटी वैन से अपनी तस्वीर शेयर की। वह अपनी नई फिल्म 'मेरे घर की लक्ष्मी' में बिजी हैं। सामंथा हनीमून पर भी सिर्फ एक ही दिन के लिए जा पाई थीं और बताया था कि वह बाद में ज्यादा दिन के लिए जाएंगी। अभी उन्हें शूट पर वापस लौटना है, तो सिर्फ एक दिन का गोवा का हनीमून प्लान किया है। सामंथा रुथ प्रभु अब काम पर लौटीं तो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह मेकअप चेयर पर बैठीं डायरेक्टर नंदिनी रेड्डी और मेकअप आर्टिस्ट अवनी रंभिया से बातें करती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, 'लेट्स गो।' सामंथा ने इस दौरान कैजुअल टी-शर्ट और जींस पहनी हुई थी, पर उनके हाथों और पैरों पर दुल्हन वाली मेहंदी साफ दिखाई दे रही थी। 30 नवंबर को सामंथा और राज निदिमोरु की शादी की खबरें सामने आई थीं, और अगली सुबह एक्ट्रेस ने तस्वीरें शेयर कर कन्फर्म किया कि उनकी और राज निदिमोरु की शादी हो गई।

हॉलीवुड मसाला



# मेन इन ब्लैक की होगी वापसी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहिट साइंस फिक्शन एक्शन फ्रेंचाइज 'मेन इन ब्लैक' के फैंस के लिए खुशखबरी है। खबर है कि विल स्मिथ एक नए मिशन के साथ सीरीज की अगली फिल्म में बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। 'बैड बॉयज' फ्रेंचाइज को रीबूट करने के बाद, सोनी पिक्चर्स अपना ध्यान अपनी एक और सबसे बड़ी हिट 'मेन इन ब्लैक' पर लगा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक नई 'मेन इन ब्लैक' मूवी पर काम शुरू हो गया है, जिसकी कहानी लिखने का जिम्मा 'बैड बॉयज फॉर लाइफ' के राइटर क्रिस ब्रेमर को मिला है।



# जस्टिन के साथ साझा की तस्वीरें, रिश्ते पर लगी मुहर

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आखिरकार अपने रिश्ते को आधिकारिक रूप से दुनिया के सामने ला दिया है। लंबे समय से चल रही अफवाहों के बीच दोनों ने जापान टूर की निजी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर एक तरह से अपने प्यार पर मुहर लगा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन तस्वीरों ने यह साफ कर दिया है कि यह रिश्ता अब केवल चर्चा का विषय नहीं, बल्कि सच है। कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर'पर हैं और इसी दौरान उन्होंने जापान के इस टूर को साझा किया। पोस्ट में दोनों को एक साथ सेल्फी लेते हुए, कला प्रदर्शनियों का आनंद लेते हुए और साथ में समय बिताते हुए देखा जा सकता है। पेरी ने कैप्शन में केवल इतना लिखा- 'टोक्यो टाइम्स ऑन टूर एंड मोर' लेकिन इन कुछ शब्दों ने उनके रिश्ते की तस्वीर को पूरी तरह साफ कर दिया।



# पहली बार साथ दिखेंगे करीना- पृथ्वीराज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म की अभी शूटिंग चल रही है। इस बीच अब मेघना गुलजार ने फिल्म के फाइनल शेड्यूल की शूटिंग को लेकर अपडेट दिया है। इस फिल्म में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। मेघना गुलजार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर साझा की है। उन्होंने फिल्म के फाइनल शेड्यूल को लेकर जानकारी दी है। मेघना ने जो तस्वीर साझा की है वो किसी कार के अंदर की तस्वीर है। इसमें सीट पर बड़े-बड़े बैग रखे नजर आ रहे हैं। संभवतः इनमें शूटिंग उपकरण हैं। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियो ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# मिशन इम्पॉसिबल के पूरे हुए 14 साल

**मुंबई।** 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' को रिलीज हुए 14 साल हो गए हैं। 7 दिसंबर, 2011 को रिलीज हुई हॉलीवुड जासूसी एक्शन फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' का दुबई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ था। फिल्म के 14 साल पूरे होने पर, अनिल कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं और साथ ही एक प्यारा नोट भी लिखा है। अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' के सेट की कई खास तस्वीरें शेयर कीं। एक तस्वीर में अनील अपनी बेटी सोनम कपूर आहूजा और टॉम के साथ पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कई तस्वीरों में 'मिशन इम्पॉसिबल घोस्ट प्रोटोकॉल' की स्टार कास्ट के साथ अनिल पोज देते नजर आ रहे हैं।

टीवी मसाला



# तारक मेहता को एक और बड़ा झटका, प्राजक्ता ने छोड़ा शो

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिटकॉम पिछले 17 सालों से दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। ये शो अपनी कहानी के साथ-साथ अपने किरदारों को लेकर भी सुर्खियों में बना रहता है। वहीं, बीते कुछ दिनों से इस शो को लेकर कई विवाद भी सामने आ रहे हैं। कई कलाकारों ने एक के बाद एक इस शो को छोड़ दिया है। कई कलाकारों ने असित मोदी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए। इसी बीच अब एक और शॉकिंग न्यूज सामने आ रही है। एक और कलाकार ने ने सिर्फ इस शो को छोड़ा बल्कि मेकर्स पर आरोप लगाए हैं। दरअसल, 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के हम जिए कलाकार की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं, बल्कि एक्ट्रेस प्राजक्ता शिसोदे हैं। शो में उन्हें हमेशा ही गोकुलधाम सोसाइटी में सब्जी बेचते देखा गया और महिला मंडल संग गपशप करते। लेकिन, अब प्राजक्ता ने इस शो को अलविदा कह दिया हैं और इसकी जानकारी खुद एक पोस्ट शेयर करके दी है। साथ ही अपमान करने का आरोप लगाया है। प्राजक्ता ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शो छोड़ने की वजह बताई है। प्राजक्ता ने अपने किरदार की अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए बताया कि वो अब वो 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं।

## अरमान और अभिर में होगी टक्कर

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। क्योंकि अरमान की एक गलती की वजह से अभिरा के साथ उसका रिश्ता मुश्किल में आ जाएगा। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' का अपकमिंग का एपिसोड काफी दिलचस्प रहने वाला है। फिर एक बार अभिरा और अरमान के रिश्ते में दरार आ सकती है। रविवार के एपिसोड में आप देखेंगे कि अभिरा अपने पति अरमान को समझाएगी कि अगर वो उसकी जगह होती तो किसी एक पर सारा आरोप डाल देने की बजाए दोनों से तसल्ली से बात करती और फिर उन्हें समझाने की कोशिश करती। लेकिन, अभिरा की बात अरमान के खास समझ नहीं आएगी। क्योंकि शो के नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि उस वक्त पूरे परिवार के सामने तमाशा खड़ा हो जाएगा जब माहौल काफी टेंशन भरा होने के बाद कियारा अचानक वहां से भाग खड़ी होगी। अभिर उसके पीछे-पीछे जाएगा और कहेगा कि कियारा मैं तुमसे सचमुच प्यार करता हूं।



# रीना-किरण और गौरी, तीनों ने मेरी जिंदगी को नई दिशा दी

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान हमेशा अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहते हैं। लेकिन, इस बार उन्होंने अपने रिश्तों पर खुलकर बात की है। आमिर ने पूर्व पत्नियों और गर्लफ्रेंड पर एक इंटरव्यू में बात की है। आमिर खान ने अपने करियर के शुरुआती दौर में रीना दत्ता के साथ शादी की थी और दोनों ने करीब 16 साल साथ बिताए। उनके दो बच्चे जुनैद और आइरा, इस रिश्ते की सबसे बड़ी याद के तौर पर मौजूद हैं। अलग होने के बावजूद दोनों हमेशा एक-दूसरे के लिए सम्मान से भरे रहे। आमिर ने कहा कि रीना उनकी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा हैं और वह हमेशा उनके साथ एक मजबूत दोस्ती के रिश्ते में रहेंगे। उन्होंने यह भी माना कि इतना लंबा सफर साथ बिताने के बाद रिश्ता भले ही पति-पत्नी का नहीं रहा, लेकिन इंसान के रूप में दोनों कभी एक-दूसरे से अलग नहीं हुए। किरण राव और आमिर की शादी भी करीब 16 साल चली। दोनों ने मिलकर बेटे आजाद को पाला और तलाक के बाद भी उनकी परवरिश में कोई बदलाव नहीं आया। आमिर ने बताया कि वह और किरण आज भी एक परिवार की तरह जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि किरण, उनके माता-पिता, रीना और उनके माता-पिता, सभी मिलकर एक बड़ा, समझदार और संतुलित परिवार बनाते हैं। ये आपसी गर्मजोशी ही आमिर के व्यक्तिगत जीवन को खास बनाती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगा था कि एक उम्र के बाद वह दोबारा प्यार कर पाएंगे, तो उन्होंने साफ कहा- नहीं। लेकिन फिर उनकी मुलाकात हुई गौरी स्प्रेट से, जिनके बारे में आमिर ने बताया कि वह उनकी जिंदगी में बेहद सुकून और स्थिरता लेकर आई हैं।



# वो शर्त जिसकी बलि चढ़ा अमृता सिंह और रवि शास्त्री का रिश्ता, 39 साल पहले इस तस्वीर से खुली थी अफेयर की पोल

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड और क्रिकेट का बहुत ही पुराना और गहरा कनेक्शन रहा है। जहां कई क्रिकेटर्स एक्ट्रेसेस को दिल दे बैठे और घर भी बसा लिया, वहीं कुछ का प्यार मुकम्मल नहीं हो सका। इस लिस्ट में अमृता सिंह और रवि शास्त्री का भी नाम शामिल है। यह 80 के दशक की बात है। तब एक तरफ रवि शास्त्री क्रिकेट की दुनिया में छाए हुए थे और सब उनके मुरीद थे, वहीं दूसरी ओर अमृता सिंह भी फिल्मों में डेब्यू कर चुकी थीं और चर्चा बटोर रही थीं। तब सोशल मीडिया इतना चलन में नहीं था, पर उस वक्त की मैगजीन और अखबारों में अमृता सिंह और रवि शास्त्री के अफेयर की खूब चर्चा होती थी। फिर साल 1986 में एक मैगजीन के कवर पर जब अमृता और रवि शास्त्री की तस्वीर सामने आई, तो अफेयर की बात एकदम साफ हो गई। फिर ऐसा क्या हुआ था कि दोनों का रिश्ता टूट गया, जबकि शादी की भी खबरें आने लगी थीं?



### बचपन की दोस्त से की शादी

लेकिन, न तो रवि शास्त्री झुकने को तैयार हुए और ना ही अमृता सिंह मानीं। और इस तरह उनका रिश्ता हमेशा के लिए खत्म हो गया। इसके बाद शास्त्री ने साल 1990 में बचपन की दोस्त रितु से शादी कर ली और बेटी अलेका के पिता बने। हालांकि, दो दशक से भी ज्यादा समय बाद उनकी शादी टूट गई।

### मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी पहली मुलाकात

एक रिपोर्ट के मुताबिक, रवि शास्त्री और अमृता सिंह की पहली मुलाकात मुंबई के एक रेस्टोरेंट में हुई थी। तब रवि शास्त्री ने बाद में स्वीकार किया था कि शुरू में वह 10 मिनट तक बात ही नहीं कर पाए और बहुत शरमा रहे थे। तब अमृता ने ही बात करना शुरू किया। इसके बाद रवि शास्त्री और अमृता की नजदीकियां बढ़ने लगीं, और एक-दूसरे से प्यार करने लगे। इसके बाद जब नवंबर 1986 में 'सिने ब्लिट्ज' मैगजीन के कवर पर अमृता सिंह और रवि शास्त्री की तस्वीर दिखी, तो उनका रिश्ता पब्लिक हो गया था। उनकी केमिस्ट्री की तो तारीफ हुई ही, साथ ही उनकी शादी की अटकलें और तेज हो गई थीं। लेकिन किसी वजह से इस रिश्ते में रोड़ा अटक गया। रवि शास्त्री की एक शर्त ने अमृता सिंह के साथ उनके रिश्ते को खत्म कर दिया।

**किसी एक्ट्रेस को पत्नी नहीं बनाना चाहता** : रिपोर्ट के मुताबिक, उस दौर के एक इंटरव्यू में रवि शास्त्री ने साफ कर दिया था कि वह किसी एक्ट्रेस को अपनी पत्नी नहीं बनाना चाहते। उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टनर की पहली प्राथमिकता उसका घर होना चाहिए। उस वक्त अमृता अपने करियर के पीक पर थीं और सुपरहिट डेब्यी फिल्म दे चुकी थीं, जिसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई थी। अमता ने यह कहते हुए विरोध जताया कि वह अपने प्रोफेशन से यूं ही दूर नहीं जा सकतीं। हालांकि, यह भी कहा था कि कुछ साल के बाद वह जरूर हाउसवाइफ बनकर रह सकती हैं और घर संभाल सकती हैं।

## एक के बिके थे 3 करोड़ से ज्यादा टिकट तो एक की 2 करोड़ कमाई

# धर्मेंद्र की दो फिल्मों ने रूस में कर दिया था कमाल

*नई दिल्ली। रूस और भारत के रिश्ते सिर्फ राजनीतिक नींव पर नहीं टिके हैं, दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंध भी हैं, जो इन रिश्ते को और मजबूत बनाते हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक रिश्ते बहुत पुराने हैं और उसका बहुत ज्यादा श्रेय हिंदी सिनेमा को भी जाता है। हिंदी सिनेमा के कुछ कलाकारों ने सोवियत संघ के बाजारों पर अपनी फिल्मों के जरिए छाप छोड़ी। उन्हीं में से एक एक्टर थे धर्मेंद्र देओल, जिनका निधन 24 नवंबर 2025 को उम्र संबंधी बीमारियों के बाद हुआ। उनकी दो फिल्में वहां रिलीज हुईं और सुपरहिट हुईं थीं। वैसे तो धर्मेंद्र की बहुत सारी फिल्मों को रूस में रिलीज किया गया, लेकिन उनकी 'अलीबाबा और 40 चोर' का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। 1980 में आई 'अलीबाबा और 40 चोर' फिल्म का निर्माण सिर्फ भारत की कंपनी के बैनर तले ही नहीं हुआ, बल्कि फिल्म का सह-निर्माण भारत की ईगल फिल्म्स और सोवियत संघ के उज्बेक फिल्म स्टूडियो ने मिलकर किया था। फिल्म न केवल भारत सुपरहिट साबित हुई, बल्कि इसका जादू रूस में भी चला।*



### इस फिल्म ने बना दिया था ग्लोबल आइकन

फिल्म को रूसी भाषा में रिलीज किया गया और ये दोनों देशों में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। फिल्म भारत के सिनेमाघरों पर 25 हफ्तों तक लगातार चली और फिल्म ने भारत में 3 करोड़ की कमाई की। वहीं, सोवियत संघ में भी फिल्म ने लगभग 2 करोड़ की शानदार कमाई की थी। इस फिल्म ने धर्मेंद्र को ग्लोबल आइकन बना दिया था।

### धरमवीर भी रूस में हुई थी रिलीज

'अलीबाबा और 40 चोर' के अलावा धर्मेंद्र की 'धरमवीर' फिल्म भी उस मुल्क में हिट साबित हुई थी। फिल्म साल 1997 की दूसरी बड़ी हिट बनकर उभरी थी और रूस में फिल्म के 3 करोड़ से ज्यादा टिकट बिके थे। फिल्म ने भारत के सिनेमाघरों पर तकरीबन 50 हफ्तों तक अपना जादू बिखेरा था और इसी फिल्म की वजह से फैंस ने उन्हें 'आयरन' मैन का टैग दिया था।

### अलीबाबा और 40 चोर

रूस में रिलीज के बाद फिल्म 'अलीबाबा और 40 चोर' में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की रोमांटिक केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। धर्मेंद्र को उनकी खूबसूरती की वजह से पहले ही भारत में पसंद किया जा रहा है, लेकिन सोवियत संघ में भी अपनी पर्सनैलिटी और हैंडसम चेहरे की वजह से उन्हें अलग पहचान मिली।



**खबर संक्षेप**

### अवैध शराब व जुआरियों पर कसा शिकंजा

**नारनौंद।** विशेष अभियान ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत शनिवार को पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने अवैध देशी शराब, सट्टा अधिनियम में 17,250 रुपए बरामद, एक व्यक्ति को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते काबू किया। सीआईए नारनौंद की टीम ने नारनौंद क्षेत्र से सट्टा खाईवाल राजेश निवासी वार्ड नंबर तीन नारनौंद को 78 सो रुपए सहित गिरफ्तार किया है। थाना बास पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए काबू किया गया।

### सुरेवाला चौक से हेरोइन सहित दो काबू

**उकलाना मंडी।** उकलाना पुलिस ने सुरेवाला चौक के पास से मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को काबू कर 4.43 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर नाका बंदी कर मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को काबू किया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम पारता निवासी संदीप व बुढ़ाखेड़ा निवासी अनिल उर्फ बंटी बताया। तलाशी लेने पर उक्त दोनों से क्रमशः 3.62 और 0.81 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। दोनों को गिरफ्तार करके उन पर केस दर्ज कर लिए गए हैं।

### गायत्री शाखा ने लगाया निःशुल्क जांच शिविर

**बरवाला।** भारत विकास परिषद, गायत्री शाखा बरवाला द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारम्भ शाखा अध्यक्ष पवन शर्मा एवं शाखा सचिव राजेन्द्र भट्ट ने भारत माता एवं युवा प्रणेता स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस शिविर में कुल 55 नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। जिसमें मुख्य रूप से ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल एवं रक्तचाप की जांच शामिल रही। इस अवसर पर सेवा संयोजक जिले सिंह जाखड़, प्रकल्प प्रमुख शिव कुमार कौशिक, मास्टर सतीश वर्मा, डॉ. सुनील, रमेश कुमार सिंगला, जिले सिंह, पवन सैनी, गौतम कृष्ण उपाध्याय आदि मौजूद थे। गायत्री शाखा ने आए हुए चिकित्सकों का हुनर शाला के बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृति से सम्मानित किया गया।

# ग्रामीण सफाईकर्मियों ने किया प्रदर्शन बोले-दो माह से नहीं मिल रहा वेतन

## सरकार पर वायदा खिलाफी का आरोप लगाया, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद





**फतेहाबाद।** मांगों को लेकर लघु सचिवालय पर धरना देते ग्रामीण सफाई कर्मचारी तथा प्रदर्शन के बाद एसडीएम को मांग पत्र सौंपते ग्रामीण कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी।

जिलाभर के सैंकड़ों ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपनी लम्बित मांगों एवं गांव में काम के दौरान आ रही समस्याओं को लेकर रविवार को फतेहाबाद के लघु सचिवालय पर धरना दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन करते हुए कर्मचारी एसडीएम निवास पहुंचे और उन्हें मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। धरने की अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान सुनील कुमार ने की व संचालन जिला सचिव हरपाल सिंह ने किया।

धरने को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान बेगराज ने कहा कि पिछले 11 साल के कार्यकाल में भाजपा सरकार ने एक भी सफाई कर्मचारी की पक्की भर्ती नहीं की और ना ही किसी कच्चे सफाई कर्मचारी को पक्का किया, जो दलित और सफाई कर्मचारी विरोधी होने का बड़ा सबसे सबूत है। यह सरकार खासकर प्रदेश के मुख्यमंत्री अपने ही वायदों और घोषणाओं से बार-बार मुकरने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी अपने मुंह से कही गई बातों से बदलते दिखाई दिए हैं। जिला प्रधान सुनिल कुमार ने कहा कि सरकार दावा तो समाज के आखिरी पायदान पर बैठे व्यक्ति के उत्थान का करती है लेकिन सबसे अंतिम पंक्ति पर बैठे हम सफाई कर्मियों का समय पर वेतन का भुगतान तक नहीं किया जाता। 2-2 महीने तक वेतन नहीं दिया जाता। पहले 12 माह का बजट जारी होता था लेकिन अब दो साल से हर माह बजट जारी करने का प्रावधान कर दिया जिसके कारण कभी भी समय पर वेतन नहीं मिलता। यूनियन सरकार से मांग करती है कि समय रहते समस्याओं और माँगों का समाधान करें अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आज के धरना प्रदर्शन में जिला कोषाध्यक्ष बलबीर सिंह, उपाध्यक्ष हरपाल सिंह, दर्शन सिंह, अमित कुमार, अनिल कुमार, पवन कुमार, गुरदास, जगदीश चंद्र, जसप्रीत आदि शामिल हुए।

### सरकार मांगों की अनदेखी कर रही : हरपाल सिंह

जिला सचिव हरपाल सिंह ने बताया कि जिला के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के हालात बीजेपी के आने के बाद और ज्यादा खराब हुए हैं। समय पर ना तो वेतन दिया जा रहा और ना ही कूड़ा उठाने के लिए रिक्शा आदि का कोई प्रबंध किया जा रहा। सफाई कर्मचारियों के ईएसआई व पीएफ के पैसे कट रहे हैं लेकिन इनका लाभ नहीं मिल रहा, अधिकतर सफाई कर्मचारियों को तो आज तक ईएसआई कार्ड तक नहीं मिला। कई गांवों में सफाई कर्मचारियों के गुजरने के बाद भी उनके पदों पर भर्ती नहीं की गई। सरपंच व ग्रामीण सचिवों के इशारे पर बिना कारण के मूंछ का सवाल बनाकर सफाई कर्मचारियों का वेतन रोक दिया जाता है, जिसके कारण इनको आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ता है। गांव में सफाई कर्मचारियों की कमी के कारण पूरी तरह से सफाई नहीं हो पाती और सरकार की इस नाकामी को कर्मचारियों के सिर पर यह कहकर लाद दिया जाता है कि सफाई कर्मचारी काम नहीं करते। विधानसभा में एक हजार की आबादी पर एक कर्मचारी लगाने की घोषणा करके भी आज तक उसको सिरे नहीं चढ़ाया, जिसके कारण 9754 से ज्यादा पद ग्रामीण क्षेत्र में आज खाली पड़े हैं।



**फतेहाबाद।** डीएवी पुलिस स्कूल द्वारा आयोजित दिव्य यज्ञ में भाग लेते अतिथिगण व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## डीएवी में 'नो नशा नेशन' अभियान

# बच्चों ने 100 कुण्डीय दिव्य यज्ञ में डाली आहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

■ डीएवी के प्रमुख पूनम सूरी के नेतृत्व में अभियान

डीएवी के प्रमुख एवं आर्य रत्न पूनम सूरी तथा आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के प्रेरणादायी नेतृत्व में 'नो नशा नेशन' अभियान के अंतर्गत रविवार सुबह 11 बजे पुलिस लाइन स्थित ग्रीन पार्क में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल फतेहाबाद द्वारा भव्य 100 कुण्डीय दिव्य यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन आईपीएस ने भाग लिया। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के तौर पर आर्य समाज फतेहाबाद के प्रधान अरुण ग्रोवर, सीमा ग्रोवर, सुनील शास्त्री प्राचार्य गुरुकुल वेद मंदिर व वैदिक प्रवक्ता डॉ. सुनीता आर्या मौजूद रहे। स्कूल प्राचार्या अमिता सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अतिथियों ने यज्ञ में आहुति डाली। यह वो अवसर रहा, जब नशे से मुक्त राष्ट्र बनाने की ओर एक महत्त्वपूर्ण कदम को ओर हम सब अग्रसर हो रहे हैं। विद्यालय प्राचार्या अमिता सिंह ने बताया कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को नशों के खिलाफ एकजुट करने का व्यापक सामाजिक संदेश देने के साथ-साथ विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने की विशेष पहल है। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रभावी प्रस्तुतियां दी गई। विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली शहरवासियों को नशे के दुष्प्रभावों सेपरिचित करवाया तथा 'नो नशा नेशन' का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

## पुलिसकर्मियों ने चौकियों व थानों को किया चकाचक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में फतेहाबाद पुलिस ने हर रविवार को स्वच्छ थाना-चौकी अभियान के रूप में एक अनोखी पहल शुरू की है, जिसके बाद अब थानों की सूरत भी बदली है। हर रविवार सुबह जिले के सभी थानों में एक अलग ही ऊर्जा देखने को मिलती है। पुलिसकर्मी स्वयं झाड़ू, ब्रश, कूड़ेदान, पेंट ब्रश और पौधे लेकर थानों की सफाई, रिकॉर्ड रूम की व्यवस्था, पेंटिंग और सौंदर्यीकरण में जुट जाते हैं। दो घंटे का यह श्रमदान अब थानों में अनुशासित, साफ-सुथरी और प्रेरणादायक कार्यसंस्कृति का आधार बन चुका है। एसपी सिद्धांत जैन का कहना है कि जब थाना स्वच्छ और व्यवस्थित होगा तो पुलिस कर्मियों का मनोबल भी ऊंचा होगा और जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। थानों का वातावरण बदलने से पुलिस कर्मियों में टीमवर्क बढ़ा है और जनता के लिए ज्यादा सहज एवं सम्मानजनक माहौल तैयार हुआ है। इससे लोगों में पुलिस की प्रति विश्वास बढ़ेगा।



**फतेहाबाद।** थानों में सफाई अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।

## टोहाना पुलिस ने हेरोइन सप्लायर युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में फरार चल रहे मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान राहुल ढिल्लों उर्फ राठा पुत्र हंसराज ढिल्लों निवासी बक्शी गली, टोहाना के रूप में हुई है। इस मामले में एक अन्य आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि इससे पहले इसी प्रकरण में आरोपी काला पुरी पुत्र बीरू पुरी निवासी मडिय़ा मोहल्ला, टोहाना को 19 जून 2023 को गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधि के आधार पर काबू किया गया था। नियमानुसार तलाशी के दौरान उसकी नीले लोअर की जेब से 10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। इस मामले में थाना शहर टोहाना में 19 जून 2023 को केस दर्ज किया गया था।

# शिक्षकों को वाई-ब्रेक योग का प्रशिक्षण देकर तनावमुक्त रहने का अभ्यास करवाया

■ आयुष योग सहायक उग्रसेन ने कहा : भागदौड़ भरी जिंदगी में निरोग रहने के लिए योग जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गांव गिलांखेड़ा विद्यालय में स्टाफ को वाई-ब्रेक योग का प्रशिक्षण देते आयुष योग सहायक उग्रसेन। फोटो : हरिभूमि

महानिदेशक आयुष विभाग पंचकूला व हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे वाई-ब्रेक योग प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत गांव गिलांखेड़ा में स्टाफ सदस्यों को योगाभ्यास करवाया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा व जिला योग समन्वयक डॉ. भारती चौहान के निर्देशानुसार आयुष योग सहायक उग्रसेन ने राजकीय माध्यमिक विद्यालय गिलाखेड़ा में वाइब्रेक योग अभ्यास का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने विद्यालय के स्टाफ को ताड़ासन, स्कंद संचालन, कटी चक्रासन, अर्धचंद्र आसन , नाडी शोधन, सम्मुखी मुद्रा का अभ्यास के साथ-साथ ध्यान का भी अभ्यास करवाया और इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। स्टाफ को संबोधित करते हुए आयुष योग सहायक उग्रसेन ने कहा कि वाइब्रेक योग अभ्यास कार्य स्थल पर उपस्थित कर्मचारी को तरोताजा रखने के साथ-साथ उनका स्वास्थ्य संवर्धन भी करता है। व्यक्ति जितना तनाव मुक्त होगा उतना ही कार्य कुशलता पूर्वक कर पाएगा। आयुष योग सहायक ने बताया कि आज भाग दौड़ भरी जीवन में स्वास्थ्य लाभ अर्जित करके निरोग जीने के लिए पूरे विश्व में योग अभ्यास को स्वीकार किया गया है। हमें भी इसे अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अध्यापक बारुराम ने आयुष योग सहायक का स्वागत किया। इस अवसर पर विकास कुमार, गोविंद, राजकुमार, सुदामा शास्त्री, संजीव व रमेश कुमार सहित स्कूल के सभी स्टाफ ने बड़ी ऊर्जा के साथ वाई ब्रेक योग अभ्यास का प्रशिक्षण लिया और प्रतिदिन जीवन में योग अभ्यास अपनाकर स्वस्थ जीने का संकल्प भी लिया।

### भार्गव ने हरियाणा स्टेट स्क्वाश रैकेट चैंपियनशिप में मारी बाजी




**हिसार।** हाल ही में गुरुग्राम में हुई हरियाणा-अंडर 17 स्क्वैश प्रतियोगिता में हिसार के जयवर्धन भार्गव ने अपनी शानदार प्रदर्शन से जीत हासिल कर के अपनी श्रेणी में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इससे पहले भी जयवर्धन कई प्रतियोगताएं जीत चुका है। जयवर्धन के पिता तेजस्वी भार्गव क्वालिटी फाइल्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं। उन्होंने बताया कि उनके बेटे की यह जीत उनके परिवार के लिए गर्व का क्षण है। जयवर्धन ने अपनी जीत के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण का परिचय दिया है। उनकी इस जीत से स्क्वैश जगत में एक नए प्रतिभा के उदय का संकेत मिलता है।

## साइबर ठगों से रहें सावधान: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

■ इनाम निकलने का लालच देकर कर रहे ठगी : खट्टर

पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने साइबर फ्रॉड से बचने के लिए आमजन को सावधान रहने की एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि ऑनलाइन ठगी से बचें और किसी भी सूरत में बैंक लोन, लॉटरी या अन्य इनाम जीतने के झांसे में आकर अपनी बैंक संबंधित डिटेल साझा न करें। उन्होंने कहा कि इस समय साइबर अपराधी काफी सक्रिय हैं जोकि लोगों को बैंक लोन, लॉटरी, फ्री रिचार्ज या अन्य इनाम निकलने का झांसा देकर चूना लगा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अक्सर देखने में आया है कि साइबर ठग आमजन से लोन मंजूर होने, लॉटरी या अन्य इनाम निकलने का लालच देकर पैसे जमा करवाने को कहते हैं, इसलिए ऐसी सूरत में सतर्क रहें और किसी भी लोभ लालच में न आते हुए बताए गए बैंक खातों में पैसे जमा न करवाएं बल्कि उसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि अपने ईमेल या वाट्सएप पर आए ऐसे लिंक पर क्लिक करते समय आवश्यक सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फ्रॉड कॉल करने वाले व्यक्ति अक्सर 24 घंटे के अंदर बैंक खाता ब्लॉक करने का दबाव बनाकर बैंक से संबंधित जानकारी हासिल कर आमजन से ठगी करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने आमजन को सलाह दी है कि उनके बैंक खाते को ब्लॉक करने संबंधित किसी प्रकार की कॉल, मैसेज या एसएमएस आता है तो किसी भी प्रकार की जानकारी साझा न करें। उन्होंने कहा कि अगर बैंक खाता ब्लॉक होने संबंधित जानकारी हासिल करनी हो तो संबंधित बैंक द्वारा बताई गई ऑफिशियल कस्टमर केयर के नंबर पर ही वेरीफाई करें। कोई भी नागरिक सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के फर्जी या असत्यापित लिंक को न खोलें।

### घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में पांचवां आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** घर में घुसकर मारपीट करने, तोड़फ़ोड़ करने और एससी/एसटी एक्ट के एक गंभीर मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। पकड़े गए युवक की पहचान रविंद्र उर्फ आशु पुत्र कुलदीप सिंह निवासी कुकड़ांवाली के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर हिसार जेल भेजा गया है। इससे पहले इसी मामले में चार अन्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि पीड़िता परमजीत कौर निवासी हंस कॉलोनी, फतेहाबाद ने शिकायत में बताया कि 23 अगस्त की दोपहर को आरोपी अरुण पुत्र सुभाष, विनोद पुत्र रिसाल, अमनदीप कौर, सानिया, मोहिता सहित अन्य लोग डंडों के साथ उनके घर में जबरदस्ती घुसे। आरोपियों ने जातिसूचक गालियां देते हुए पीड़िता, उसकी पुत्रवधु पूजा और पुत्री पुनम पर हमला किया और घर का सामान बाहर फेंककर तोड़फ़ोड़ की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद घायलों को नागरिक अस्पताल फतेहाबाद में भर्ती कराया गया। पीड़िता और अन्य परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया। इस मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपी रविन्द्र उर्फ आशु को काबू कर जेल भेज दिया है।

## रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक नागपुर की मासिक बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक नागपुर की मासिक सभा जगजीत सिंह जोहल, ब्लॉक प्रधान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन राजकुमार हड़ोली, ब्लॉक सचिव द्वारा किया गया। सभा में जिला प्रधान भोला सिंह नागपुर ने विशेष तौर पर भाग लिया। बैठक में 17 दिसंबर को उपायुक्त कार्यालय पर किए जाने वाले प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। कर्मचारियों ने आठवें वेतन आयोग के अंदर डीए को मूल रूप मूल वेतन में शामिल ना करने पर नाराजगी जताई और आशंका जाहिर की कि ऐसा न करने पर कर्मचारियों को आठवें वेतन आयोग का महंगाई की दर के हिसाब से लाभ नहीं होगा। रिटायर्ड कर्मचारियों ने सरकार से मांग की कि वेतन आयोग की रिपोर्ट में मौजूदा डीए को बेसिक सैलरी में जोडक़र वेतनमान संशोधित किया जाए। इसके इलावा 65, 70 वर्ष की आयु पर 10 प्रतिशत और 75 -80 वर्ष की आयु पर 20 प्रतिशत की वेतन में बढ़ोतरी की जाए। कैशलेस मेडिकल सुविधा बिना शर्त लागू हो व कॉम्यूटेशन की रिकवरी 10 वर्ष 8 महीने में बंद की जाए। बैठक में जयवीर नागपुर, मास्टर गमदूर सिंह, लक्ष्मण सिंह, बेगराज, सुरेश चंद, देवराज हडोली, हरबंस सिंह आदि ने भाग लिया।

**शुभारंभ** सरकार जिले में तेजी से करवा रही विकास कार्य : सुभाष बराला

# टोहाना में मशीनों से होगी सीवरेज की सफाई, सांसद ने जनता को किया समर्पित

जाखल और टोहाना के जनप्रतिनिधियों से की मुलाकात, दैनिक यात्री रेल एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद/टोहाना

रविवार को राज्यसभा सांसद सुभाष बराला से उनके आवास पर जाखल एवं टोहाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों और विभागीय अधिकारियों ने भेंट कर क्षेत्र के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

जाखल मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन जगजीत सिंह नेडल और वाइस चेयरमैन कृष्ण कंवल सिंगला ने राज्यसभा सांसद बराला से शिष्टाचार भेंट की। दोनों पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि वे मंडी व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और किसान हित में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि सांसद के मार्गदर्शन में जाखल मंडी को एक आदर्श मंडी के रूप में स्थापित करने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

दैनिक यात्री रेल एसोसिएशन जाखल के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को यात्री समस्याओं और मांगों से संबंधित एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने ट्रेन समय-सारणी में सुधार, यात्रियों की सुरक्षा, स्टेशन सुविधाओं के विस्तार और रूट संशोधन जैसे विषयों को प्रमुखता से उठाया। सांसद बराला ने आश्वासन दिया कि इन मुद्दों पर रेलवे विभाग के साथ समन्वय बनाते हुए आवश्यक कार्रवाई को प्राथमिकता दी जाएगी।



**टोहाना।** सांसद सुभाष बराला को ज्ञापन सौंपते दैनिक यात्री रेल एसोसिएशन जाखल का प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

### मांगों के समाधान पर आभार जताया

वहीं, टोहाना एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपनी 13 प्रमुख मांगों के समाधान करवाने पर सांसद सुभाष बराला के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इन मांगों के पूरा होने से शहर की आधारभूत सुविधाओं, सडक़ व्यवस्थाओं और जनसुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जिससे आम नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। क्षेत्र की आवश्यक सेवाओं को और भी प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सांसद सुभाष बराला ने पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग की नई अत्याधुनिक सीवरेज सफाई मशीनों को हरी झंडी दिखाकर सेवा में समर्पित किया। इन मशीनों के जुडने से टोहाना कस्बों में सीवरेज सफाई और रख-रखाव का कार्य अधिक तेज, सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सकेगा। इस अवसर पर सांसद सुभाष बराला ने कहा कि क्षेत्र की जनता की भावनाओं का सम्मान करना और हर समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना हमारा संकल्प है। जनसुनवाई, सतत संवाद और प्रशासनिक समन्वय के माध्यम से हम विकास कार्यों को और अधिक गति देंगे। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और प्रशासनिक अधिकारियों से आह्वान किया कि सामूहिक प्रयास ही क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की कुंजी हैं।

# श्री श्याम मंदिर का वार्षिक महोत्सव 14 को मनेगा

■ दिल्ली से मंगवाए 400 किलो फूलों से महकेगा श्री श्याम दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुरानी तहसील चौक स्थित श्याम मंदिर के वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल संकीर्तन 14 दिसंबर को श्रीराम सेवा समिति चिल्ली वाली धर्मशाला में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। महोत्सव को लेकर मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाया जा रहा है। बाबा श्याम का 400 किलोग्राम फूलों से विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। संकीर्तन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। मंदिर कमेटी के पदाधिकारी भीम सैन असीजा ने बताया कि श्रृंगार के लिए दिल्ली से खासतौर पर ऑर्किड, गुलाब, गोदावरी, बैजन्ती और रुद्राक्ष के फूल मंगवाए गए है। इन फूलों से बाबा श्याम का दरबार को विशेष रूप से तैयार किया जा रहा है। भगवान के वस्त्र भी विशेष ऑर्डर पर पानीपत से मंगवाए गए है। मंदिर कमेटी के सदस्य डॉ. पवन हंस ने कहा कि वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में 10 से 12 दिसंबर तक मंदिर परिसर में प्रतिदिन कथा का आयोजन किया जाएगा। इसमें वृंदावन से भगवताचार्य कामोद मिश्र अपनी मुखारविंद से कथा वाचन करेंगे। रविवार 14 दिसंबर को सांय 5 बजे चिल्ली वाली धर्मशाला में विशाल संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रसिद्ध भजन वाचक यूपी से हरमिन्द्र सिंह रोमी श्री श्याम भजनों की बरसात करेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि फतेहाबाद के पूर्व एसडीएम अशोक वशिष्ट की धर्मपत्नी निर्मला देवी होंगी। अध्यक्षता अग्रवाल सभा के संरक्षक देवीदयाल तायल व ज्योति प्रचंड शारदा बंसल करेंगी। समारोह में रामसेवा समिति के प्रधान धर्मपाल बुढलाडिया, कोषाध्यक्ष शिव कुमार सर्राफ, अशोक गर्ग, राधाकृष्ण नारंग अति विशिष्ट अतिथि होंगे।



**फतेहाबाद।** मंदिर में सजा श्री श्याम दरबार। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### हमारा प्यार हिसार टीम ने पेंटिंग अभियान चलाया

**हिसार।** सामाजिक संस्था 'हमारा प्यार–हिसार' टीम ने रविवार को पीएलए परिसर स्थित दीवार पर अपने नियमित साप्ताहिक पेंटिंग अभियान का आयोजन किया। टीम ने दीवार पर रंग-बिरंगी और प्रेरणादायक पेंटिंग्स बनाकर इसे एक नया, जीवंत और सकारात्मक स्वरूप प्रदान किया। दीवार पर बनाए गए चित्रों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सद्भाव व नागरिक जिम्मेदारी से जुड़े संदेशों को विशेष रूप से दर्शाया गया।

### ध्यान साधना केंद्र में लीला ध्यान करवाया

**हिसार।** समर्थगुरु धारा संघ की ओर से कौशिक नगर स्थित ध्यान साधना केंद्र में आयोजित संडे मेडिटेशन कार्यक्रम का संचालन करते हुए आचार्य गगन ने लीला ध्यान करवाया। उन्होंने साधकों को बताया कि लीला ध्यान अद्वैत, प्रेम, सहजता और सृजनात्मकता का ध्यान मार्ग है। कार्यक्रम में अनेक साधक शामिल हुए और शांत, दिव्य वातावरण में ध्यान साधना का लाभ प्राप्त किया।

### 22 दिनों के अखण्ड जाप की पूर्णाहुति आज

**हिसार।** अर्बन एस्टेट स्थित श्रीराम शरणम् आश्रम में 22 दिनों के लिए चल रहे अखंड जाप की पूर्णाहुति 8 दिसम्बर को अमृतवाणी सत्संग एवं भजनों द्वारा दी जाएगी। आश्रम के सेवादार एलडी पोपली ने बताया कि अखण्ड ज्योत से अखंड जाप का शुभारंभ किया गया था। रोजाना सुबह 6 बजे से 7 बजे तक सामूहिक जाप किया गया और उसके बाद अखण्ड जाप यज्ञ 24 घंटे लगातार चलता रहा। अखण्ड जाप की पूर्णाहुति 8 दिसम्बर को सायंकाल 4 बजे से 5:30 बजे तक अमृतवाणी सत्संग व भजनों की वर्षा के साथ की जाएगी।

### सेक्टर 33 में किया 51 कुंडीय विशाल यज्ञ

**हिसार।** नशा निवारण जागरूकता का संदेश देते हुए शहर के सेक्टर 33 में आईडीडीएवी जूनियर पब्लिक स्कूल की ओर से सेक्टर 33 में किया गया 51 कुंडीय विशाल हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें भारी सख्या में पहुंचे गणमान्य नागरिकों ने डीएवी के इस कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम में आर्य प्रादेशिक सभा, हरियाणा के प्रधान सतपाल आर्य, डीएवी एचआर जोन-ई की क्षेत्रीय सहायक अधिकारी सुनीता बहल, डॉ. सुरेंद्र बहल व सेक्टर प्रधान धर्मवीर पानू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### दयानंद कॉलेज में 'सौ कुण्डीय हवन' का आयोजन

**हिसार।** दयानंद कॉलेज में छात्र-छात्राओं की ओर से 'नो नशा नेशन' अभियान के तहत नशा मुक्त भारत बनाने के उद्देश्य से 'सौ कुण्डीय हवन' का आयोजन अग्रसेन कॉलोनी स्थित तिकोना पार्क में किया गया। इस सामाजिक जागरूकता अभियान का आह्वान डीएवी अध्यक्ष पद्मश्री आर्यरत्न पूनम सूरी व 'युवा आर्य समाज' के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के नेतृत्व में किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि 'आर्यसमाज' की नींव समाज कल्याण के उद्देश्य से रखी गई थी।

## कैबिनेट मंत्री गंगवा ने किया सकर/जेटिंग मशीनों का लोकार्पण

# सीवरेज व्यवस्था में सुधार के लिए 20 नई मशीने खरीदी जाएंगी

**2 करोड़ 55 लाख रुपये की लागत वाली 20 नई मशीनें और खरीदी जा रही: कैबिनेट मंत्री**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार । मशीनों का लोकार्पण करते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा। फोटो : हरिभूमि

लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि प्रदेश में सीवरेज व्यवस्था के सुधार के लिए कई परियोजनाओं पर काम चल रहा है। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में कई नई अत्याधुनिक मशीनें भी शामिल की जा रही है। रविवार को हिसार व आदमपुर शहर के लिए सकर/जेटिंग मशीन का लोकार्पण करते हुए उन्होंने यह जानकारी दी। इन जेटिंग मशीन से तंग गलियों में भी सीवरेज सफाई की जा सकेगी। लगभग 42 लाख रुपए की लागत की इस हाई प्रेशर जेटिंग-कम-सक्शन (वैक्यूम) टाइप हाइड्रॉलिकली ऑपरेटेड सीवर क्लीनिंग मशीन की क्षमता 10,000 लीटर है।

- मशीन शहर की 200 मिमी से 400 मिमी के व्यास की सीवर लाइन के लिए डिजाइन की गई

यह उन्नत मशीन शहर की 200 मिमी से 400 मिमी के व्यास की सीवर लाइन के लिए डिजाइन की गई है। इसकी दोहरी क्षमता हाई प्रेशर जेटिंग और शक्तिशाली सक्शन यह सुनिश्चित करती है कि सीवर लाइन में जमा गंदगी, कीचड़ और अन्य अवरोध पूरी तरह से हट जाएँ, विशेषकर उन क्षेत्रों में भी जहाँ मशीनों की पहुँच कठिन होती है। इस मशीन के आने से अवरुद्ध सीवर की समस्या कम होगी, जलभराव रोका जाएगा और घरों और गलियों में स्वास्थ्य संबंधी जोखिम घटेंगे।

**स्वच्छता में और होगा सुधार**

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग द्वारा शहर के लिए 255 लाख रुपये की लागत की एक सुपर सकर मशीन और लगभग 20 लाख रुपये की लागत की एक और जेटिंग मशीन की खरीद प्रक्रिया अंतिम चरण में है, इन नई मशीनों के आने से हिसार की सफाई और स्वच्छता में और सुधार होगा। उन्होंने कहा कि अभी तक प्रदेश में 6 सुपर सकर मशीन थी, अब 2 करोड़ 55 लाख रुपए की लागत वाली 20 नई मशीनें और खरीदी जा रही है। विभाग का लक्ष्य है कि हर जिले में सुपर सकर मशीन उपलब्ध हो।

# सरस्वती हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शेरगढ़ का शैक्षिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ उकलाना



उकलाना । शैक्षिक भ्रमण करते सरस्वती हाई स्कूल के विद्यार्थियों

सरस्वती हाई स्कूल, उकलाना मंडी के विद्यार्थियों ने शेरगढ़ का एक दिवसीय शैक्षिक एवं मनोरंजक टूर किया, जिसका उद्देश्य छात्रों को इतिहास, संस्कृति, पारंपरिक खेलों और नए अनुभवों से जोड़ना था।

स्कूल के चेयरमैन डॉ. के.सी. शर्मा तथा प्रिंसिपल पूनम धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि टूर में कुल 46 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों के साथ संदीप कुमार, भारत सिंह, पूनम सपरा और सुनीता ढिल्लों सहित अन्य अध्यापक भी साथ रहे और पूरे कार्यक्रम में अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। शेरगढ़ में विद्यार्थियों ने लक्ष्मण झूला, भूत बंगला, भूल-भुलैया, 3डी मूवी, डीजे मस्ती, घोड़ा गाड़ी तथा ऊंट की सवारी जैसे मनोरंजक गतिविधियों में हिस्सा लिया। इसके साथ विभिन्न पारंपरिक झूले, ऐतिहासिक खेल और स्थानीय व्यंजनों ने बच्चों को विशेष रूप से आकर्षित किया।

### विधायक ने की लोक कल्याण की कामना

**हांसी ।** मानवती आर्य कन्या विद्यालय द्वारा कृष्णा वाटिका परिसर में रविवार को नशा-मुक्ति विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विधायक विनोद भयाना ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। आर्य युवा समाज द्वारा 100 कुंडीय हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें विधायक विनोद भयाना ने पूर्ण आहुति डाल परमात्मा से लोककल्याण की कामना की। एसडीएम राजेश खोथ, नगर परिषद अध्यक्ष प्रवीण ऐलावादी आदि रहे।

## होमगार्ड कर्मी ने रास्ते में मिले मोबाइल फोन को लौटाया

**हांसी ।** पुलिस चौकी में तैनात होमगार्ड उम्मेद सिंह रास्ते में पड़े मिले मोबाइल को लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह सोरखी पुलिस चौकी में तैनात होमगार्ड उम्मेद सिंह को सोरखी बस स्टैंड पर ड्यूटी के दौरान एक मोबाइल फोन पड़ा हुआ मिला। ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड ने बस स्टैंड पर मिले मोबाइल को तुरंत मोबाइल के असल मालिक भिवानी जिले के तालू गांव निवासी सोनू का पता लगाकर उसे सही-सलामत लौटाया।



हांसी। सोनू को मोबाइल फोन लौटाता होमगार्ड उम्मेद सिंह।

# विधायक ने मूंग खरीद फिर शुरू करने को सीएम को सौंपा ज्ञापन

- हाल ही में कुलदीप बिश्नोई से मिलकर रखी थी किसानों से यह मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार । मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए नलवा विधायक रणधीर पनिहार।

नलवा विधायक रणधीर पनिहार ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन सौंपकर किसान हितों को देखते हुए मूंग खरीद एक बार फिर शुरू करने की मांग की है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए खरीद शुरू करने की भरोसा दिया है। विधायक रणधीर पनिहार ने बताया कि हाल ही में आदमपुर व नलवा क्षेत्र के किसान मूंग खरीद सहित कुछ अन्य मांगों को लेकर हमसे मिले थे। इस पर वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई के परामर्श पर युवा नेता भव्य बिश्नोई ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बात की। विधायक पनिहार के अनुसार भव्य बिश्नोई के बात करने उपरांत उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात करके उन्हें ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि नलवा, आदमपुर क्षेत्र में किसानों के पक्के खाल बने हुए काफी समय हो गया है। समय के साथ इन खालों में टूट-फूट हो जाती है। किसान हित में ऐसा कोई बजट निर्धारित करे की किसानों के खराब हो चुके खालों की मरम्मत करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि नलवा, आदमपुर क्षेत्र में पिछले दिनों भारी बारिश एवं ड्रेनों के टूटने से बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए थे, जिससे बड़ी संख्या में किसानों की फसलें खराब हो गई थी।

# विज्डम मैराथन में दिखा जोश व उत्साह

## हकृवि कुलपति ने चौथी विज्डम मैराथन को दिखाई हरी झंडी

- मैराथन में 6 वर्ष के बच्चों से लेकर 80 वर्ष तक के नागरिकों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार । विजेता को सम्मानित करते हकृवि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज।

फिट इंडिया अभियान के तहत विज्डम स्कूल द्वारा रविवार को चौथी विज्डम मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन में 800 से अधिक प्रतिभागियों भाग लिया। इस मैराथन में 6 वर्ष के बच्चों से लेकर 80 वर्ष तक के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों, अभिभावकों और शहरवासियों की सक्रिय उपस्थिति ने कार्यक्रम को सामुदायिक उत्सव का रूप प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने हरी झंडी दिखाकर किया। विद्यालय के संस्थापक हरिपाल पिलानिया ने प्रतिभागियों को आत्मविश्वास और दृढ़ता को जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या नीलम पिलानिया ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। नियमित व्यायाम और संतुलित जीवनशैली अपनाने का आह्वान समापन समारोह में डॉ. काम्बोज ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि जो बचपन से अपनी सेहत का ख़्याल रखना सीख जाता है, उसके लिए ज़िंदगी के लक्ष्य हासिल करना आसान हो जाता है। उन्होंने सभी को नियमित व्यायाम और संतुलित जीवनशैली अपनाने की अपील की। कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ और प्रतिभागियों ने आगामी मैराथन के प्रति उत्साह व्यक्त किया। यह रहे वर्ग वाइज परिणाम जूनियर वर्ग में लड़कियों के बीच छवि , अंजू, अंशु ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि लड़कों में अवनीत मोर प्रथम, हेमंत गोस्वामी द्वितीय व अक्षय तृतीय स्थान विजेता रहे। सीनियर वर्ग मे श्रीकांत, वंश, अभिनव, सुमित व महिलाओं में रिंकी, कोमल, राज मलिक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। मास्टर वर्ग में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय रहे राजकुमार, राजकुमार, उदय सिंह एवं अमरपति, सावित्री व रितु को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।



नारनौंद । बाबा भीमराव अम्बेडकर के 70वें महा परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि देते जोरा सिंह व सुरेश एमसी। फोटो :हरिभूमि

### बाबा साहेब के परिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**नारनौंद ।** उपमंडल के हांसी रोड पर स्थित भाजपा कार्यालय में संविधान निर्माता बाबा डॉ भीमराव अम्बेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता हांसी के एससी मोर्चा के प्रभारी जोरा सिंह व एससी मोर्चा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुरेश सिंहमार ने बाबा साहब के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बाबा साहब ने पुरुष व महिलाओं को समान अधिकारों के साथ अनेक सामाजिक न्याय की बातें संविधान में रखी। इससे इस समाज को सम्मान के साथ आगे बढ़ने के अनेक अवसर प्राप्त हुए। इस अवसर पर नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों का मुख्य मंत्री के नाम एक ज्ञापन भी एससी मोर्चा के प्रभारी जोरा सिंह को सौंपा। इस अवसर पर पार्षद पिंकी पाल, ब्लॉक समिति चैयरमेन प्रदीप नरवाल, पार्षद राजबीर सिंहमार, कर्मवीर मिलकपुर, अनील मैम्बर, रोहतास पूर्व पार्षद, राजेंद्र नंबरदार सुलचानी, कृष्ण नंबरदार मोठ, प्रदीप कापड़ो, अक्षय वाल्मीकि, दलीप खेड़ी, सोनी पहलवान व नरेश राखी आदि मौजूद रहे।

# वोट चोर गद्दी छोड़ रैली लोकतंत्र की पुनर्स्थापना का निर्णायक मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार । बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा है कि 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली केवल रैली सिर्फ विरोध कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतंत्र की पुनर्स्थापना का निर्णायक आंदोलन है।

जनता की आवाज़ को दबाने वाली सरकार को अब जनता जवाब देगी। बृजलाल बहबलपुरिया कांग्रेस भवन में 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली की तैयारियों बारे आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हिसार से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, किसान, महिला संगठन और युवा दिल्ली कूच करेंगे और इस संघर्ष को निर्णायक मोड़ देंगे। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री सुभाष गोयल, पूर्व मंत्री अंतर सिंह सैनी, अनिल मान, भूपेन्द्र सिंह गंगवा, दिलबाग सिंह ढांडा, वज़ीर सिंह पूनिया, दिलबाग सिंह हुड्डा, अनूप सिंह सरसाना, अश्विनी शर्मा, संदीप पातड़, रामफल शर्मा आदि मौजूद रहे।



हिसार । कैंप में मरीजों की जांच करते फिजियोथैरेपी विशेषज्ञ।

## बाबा बालक नाथ मंदिर में फ्री फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजन

**हिसार ।** तरसेम नगर स्थित सिद्ध बाबा बालक नाथ एवं दुर्गा माता मंदिर में आज निशुल्क फिजियोथैरेपी कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 70 लोगों का निशुल्क इलाज किया गया। मंदिर के मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता ने फिजियोथैपेरी डॉक्टरों के साथ शिविर का शुभारंभ किया। डॉ. कमल गुप्ता, डॉ. भोर, डॉ. जश्न शर्मा व डॉ. लक्षिका ने शिविर में आए लोगों की जांच कर फिजियोथेरेपी से इलाज किया। रामचरण गुप्ता ने चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



हिसार । हवन में आहुति डालने पहुंचे केबिनेट मंत्री पर पुष्प वर्षा करते हुए छात्र।

### मंत्री गंगवा ने नशा नहीं करने के लिए किया प्रेरित

**हिसार ।** डीएवी पब्लिक स्कूल, कैमरी रोड़ द्वारा 21 कुण्डीय हवन आयोजित किया गया। पद्मश्री पूनम सूरी के सुपुत्र योगी सूरी (राष्ट्रीय अध्यक्ष आर्य युवा समाज) के द्वारा चलाए गए अभियान नो नशा नेशन के अंतर्गत यह हवन आयोजित किया गया। योगी सूरी ने संपूर्ण भारत को नशा मुक्त बनाने का बीड़ा उठाया है। इसी श्रृंखला में डीएवी पब्लिक स्कूल, कैमरी रोड हिसार द्वारा अमरदीप कॉलोनी पार्क में यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा उपस्थित हुए। विद्यालय के उपाध्यक्ष नरेंद्र पाल मिगलानी ने विशिष्ट अतिथि के रुप में इस कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में विशिष्ट आकर्षण का केंद्र रहे डीएवी पब्लिक स्कूल कैमरी रोड के छात्र और छात्राएं। उन्होंने वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ करके वातावरण को शुद्ध एवं पवित्र कर दिया। कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा ने अपने संबोधन में बच्चों को एवं स्थानीय जनता को नशा मुक्त भारत बनाने के लिए प्रेरित किया।

**कार्यक्रम** | मिलकपुर में ग्राम विकास मंडल का छठा पारितोषिक वितरण व सम्मान समारोह आयोजित

# आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के विद्यार्थियों ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी, किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी



हांसी। पारितोषिक सामारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस की छात्राएं

निकटवर्ती गांव मिलकपुर की मुख्य धर्मशाला के सामने स्थित चौक में रविवार को ग्राम विकास मंडल द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज व सीईटी बेस परीक्षा के परिणामों की घोषणा कर परीक्षा में कक्षा अनुसार प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया। पारितोषिक वितरण समारोह में शिक्षाविद् डॉ. आरएस गोलन ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। समारोह अध्यक्षता पूर्व सरपंच रिटायर्ड हैडमास्टर रामस्वरूप यादव ने की। समारोह में एचएयू हिसार में सेवारत डॉ. नरेंद्र यादव, डॉ. अनिल यादव, मार्केट कमेटी भिवानी के चेयरमैन राव कृष्ण कुमार नीलाखेड़ी, डॉ. शशिकला यादव, हिसार नगर निगम पार्षद व डाटा पब्लिक स्कूल डाटा की प्राचार्या डॉ. सुमन यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में मंच संचालन रिटायर्ड एसडीओ डॉ. डीपी यादव ने किया। समारोह में आए सभी अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास, नैतिक मूल्यों और भारतीय संस्कृति के संरक्षण पर बल दिया। इसके साथ ही सभी वक्ताओं ने ग्राम विकास मंडल एवं ग्राम पंचायत द्वारा गांव में किए जा रहे पौधारोपण, सफाई व्यवस्था और गांव के समग्र सौंदर्यीकरण तथा अन्य विकासात्मक कार्यों की खुले मन से प्रशंसा की।

### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से बांधा समां

समारोह में आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर, आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिकंदरपुर, आदर्श ग्रामीण सीनियर सेकेंडरी स्कूल मिलकपुर तथा आईपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल ईशरवाल के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने ज्ञानवर्धक नाटक, गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया।

**मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित**



समारोह मे छठी से 12वीं कक्षा तक के तथा सीईटी बेस परीक्षा के परिणामों के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को नगद पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी बेस्ट रिजल्ट ट्रॉफी आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर ने अपने नाम की, जिसे अतिथियों ने स्कूल प्रबंधन को ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया।

**यह रहे उपस्थित**

अवसर पर गांव के सरपंच भीम सिंह, ग्राम विकास मंडल प्रधान राजेश यादव, आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस के चेयरमैन आनंद यादव, डॉ डीपी यादव, रिटायर्ड लेक्चर राजेंद्र यादव, प्रिंसिपल सुदेश यादव, प्रिंसीपल राजकुमार यादव, प्रोफेसर राजकुमार यादव, कुलदीप नंबरदार, अहिर रेजिमेंट संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष राव बीर सिंह यादव व नरेश यादव आदि उपस्थित रहे।